Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 13-03-2006

Participants : Goyal Shri Surendra Prakash

an>

Title : Need to set up a Bench of High Court in Western Uttar Pradesh.

श्री सुरेन्द्र प्रकाश गोयल (हापुड़) : महोदय, मैं गाजियाबाद-हापुड़, उ.प्र. से सांसद हूं तथा केन्द्र सरकार का ध्यान पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आम नागरिकों की काफी समय से लम्बित गंभीर समस्या की ओर दिलाना चाहता हूं। इस क्षेत्र के लोग कई वर्षों से हाई कोर्ट बेन्च की स्थापना की मांग कर रहे हैं। पश्चिमी उ.प्र. के सम्मानित वकीलों ने हाई कोर्ट बेंच की स्थापना के लिए बहुत बड़ा आन्दोलन किया और एनडीए सरकार के कार्यकाल के दौरान जन्तर मन्तर पर कई दिनों तक विशाल धरना तक दिया, लेकिन अभी तक इस कार्य में कोई प्रगति नहीं हुई है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मेरठ, गाजियाबाद, आगरा ऐसे स्थान हैं जो कि सड़क एवं रेल से जुड़े हुए हैं। इलाहाबाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उक्त तीनों शहरों से लगभग 450 किलामीटर दूरी पर है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ जो इलाहाबाद से 110 किलोमीटर दूरी पर है, वहां हाई कोर्ट की बेंच पहले ही स्थापित है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनता आशा एवं आकांक्षा के अनुरूप उन्हें सस्ता एवं सुलभ न्याय दिलाने के लिए हाई कोर्ट की बेंच स्थापना करना नितान्त ही आवश्यक हो गया है। क्योंकि इलाहाबाद जाना बहुत ही खर्चीला और समय की बर्बादी है। पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और आन्ध्र प्रदेश आदि राज्यों में पूर्व में नजदीकी बेचों की स्थापना की गयी है।

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि इन सब परिस्थितियों को देखते हुए जनहित में फैसला करके पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेन्च की स्थापना शीघ्र की जाए।